**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद की अध्यक्षता मे दिनांक 23.02.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत जनपद के समस्त ग्रामीण घरों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद की अध्यक्षता मे डी0डब्लू0एस0एम0 बैठक/समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
2. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
4. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, मुरादाबाद,
5. सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, मुरादाबाद।
6. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
7. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
9. श्री शीशमणी पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0
10. श्री रमन यादव, डिस्ट्रिक्ट कोर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जे0जे0एम0 फेस–2 एवं जे0जे0एम0 फेस–3 में कार्यरत्त फर्मो के कार्यों की फर्मवार समीक्षा की गयी। बैठक में फर्मो द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की कार्यवाही बिन्दुवार निम्नानुसार हैः–

1. **जल जीवन मिशन फेस–2 (एल0सी0 इन्फ्रा)**

i- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि फेस–2 के अन्तर्गत आपकी फर्म को आवंटित 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मदवार प्रगति से अवगत कराये। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि फेस–2 के अन्तर्गत कुल 210 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में 206 नग नलकूप बोरिंग, 195 पम्प हाउस, 136 नग उच्च जलाशय, 1576 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने, 58 नग विद्युत संयोजन एवं 94 नग सोलर अधिष्ठापन के लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये है। वर्तमान में मुख्य रूप से उच्च जलाशय के निर्माण कार्य प्रगति पर है, धनाभाव के कारण योजनाओं के अन्य कार्यो की प्रगति धीमी है। पूर्ण योजना में से 62 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये कार्यो की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया है।

ii- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा कुल कितने राजस्व ग्रामो में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गय है कि कुल 182 राजस्व ग्रामों में नियमित शुद्ध क्लोरीनयुक्त पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त ग्रामो में पेयजल आपूर्ति सुचारू करते हुये उक्त के अतिरिक्त अन्य योजनाओं जिनके कार्य पूर्ण है उन योजनाओं से शीघ्र पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

iii- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फ़ेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्टमेंटल की सड़को पुर्नस्थापना की क्या स्थिति है। तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना में डिसमेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 90 प्रतिशत सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण है तथा शेष सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। तत्क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि पुर्नस्थापित की गयी सड़क यदि किसी स्थान पर settled हो गयी हो तो उसको तुरन्त से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

iv- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि आपके द्वारा कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण कर अनुरक्षण एवं संचालन किया जा रहा है। तत्क्रम में फर्म प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि 62 योजनाओं के कार्य पूर्ण कर अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। तत्क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त के अतिरिक्त जिन

योजनाओं के कार्य पूर्ण है उन योजनाओं का शीघ्रातिशीघ्र अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

2. **जल जीवन मिशन फेस–3 (एन0के0जी0 प्राइमस)**

v- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी कि तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धनाभाव के कारण सभी योजनाओं के कार्य पूर्ण रूप से बन्द है। धनावंटन उपरान्त योजनाओं के कार्य प्रारम्भ करा दिये जायेगें।

vi- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर सें जानकारी चाही गयी कि आपके कितने प्रोजेक्ट है तथा वर्तमान तक आपके द्वारा कितना कार्य करा दिया गया है। तत्क्रम में प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 393 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं फर्म को आवंटित है, जिसके सापेक्ष लगभग 70 कार्य पूर्ण करा दिये गये है। जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 50 प्रतिशत भुगतान प्राप्त हुआ है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि आपके द्वारा जो भी निर्माण कार्य कराये गये है, उनकी देख–रेख भली भांति करते रहे जिससे कार्यो का क्षरण न हो एवं धनराशि प्राप्त होने पर कार्यो को पुनः प्रारम्भ कराया जा सकें।

vii- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि आपकी फर्म द्वारा पुर्नस्थापित की गयी सड़क यदि किसी स्थान पर settled हो गयी हो तो उसको तुरन्त से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि ग्रामवासियों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यरत फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन फेस–2 एवं 3 के अन्तर्गत कुल पाइप लाइन बिछाने हेतु जो सड़के डिस्मेंटल की गयी है को गुणवत्ता पूर्वक पुर्नस्थापित कराये, जिन पेयजल योजनाओं से नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है, उन योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति सुचारू रखना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता/
सचिव DWSM मुरादाबाद।

पृ0सं0 494/ बैठक / 46 दिनांक :– 26/02/26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
6. समस्त उपजिलाधिकारी महोदय, जनपद मुरादाबाद अन्तर्गत।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
11. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।
16. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
17. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
18. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63, बुद्धि विहार फेस–2 सेट मैरी स्कूल के पास, मुरादाबाद।
19. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी बिहार, मुरादाबाद–244001।
20. परियोजना प्रबन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
21. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

अधिशासी अभियन्ता/
सचिव DWSM मुरादाबाद।